भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

07 मार्च 2019

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा सागर में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

देश की जनता भारतीय जनता पार्टी में पूर्ण आस्था व्यक्ति करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ चट्टान की तरह खड़ी है, देश में भारी बहुमत से 'फिर एक बार, मोदी सरकार' बनने जा रही है। वह दिन दूर नहीं, जब भारत विश्व की महासत्ता के रूप में प्रतिष्ठित होगा

****

दो महीने में ही मध्य प्रदेश में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने राज्य में विकास योजनाओं को ठप्प कर यह दिखा दिया है कि भारतीय जनता पार्टी की लोक-कल्याणकारी सरकार कैसी होती है और कांग्रेस सरकार किस तरह से काम करती है

****

राष्ट्र की सुरक्षा नारा नहीं, हमारा प्रण है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और सेना के शौर्य ने दो बार, पहले सर्जिकल स्ट्राइक और अब एयरस्ट्राइक करके यह दिखा दिया है कि हिन्दुस्तान की सुरक्षा से छेड़खानी का अंजाम कैसा होता है?

****

आज राहुल गाँधी ने प्रेस वार्ता कर पाकिस्तान में आतंकवादियों के ऊपर एयरस्ट्राइक के सबूत मांगे। राहुल गाँधी, फर्जीपना कांग्रेस का संस्कार है, भारतीय जनता पार्टी की संस्कृति नहीं, इसलिए आप सबूत मांग रहे हैं

****

भारतीय वायुसेना की प्रेस वार्ता के बावजूद राहुल गाँधी और कांग्रेस एंड कंपनी द्वारा एयरस्ट्राइक का सबूत माँगा जाना न केवल सेना के शौर्य का अपमान है बल्कि यह देश के वीर सपूतों की शहादत का भी अपमान है। लोक सभा चुनाव में देश की जनता कांग्रेस पार्टी से इस अपमान का जवाब अवश्य लेगी

****

भाजपा की शिवराज सरकार में मध्य प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर का मतलब सुदृढ़ क़ानून व्यवस्था हुआ करता था जबकि कांग्रेस की कमलनाथ सरकार में लॉ एंड ऑर्डर का मतलब हो गया है कि घूस लो और ऑर्डर दो

****

शिवराज सरकार राज्य के गरीबों, दलितों, आदिवासियों, युवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहती थी, आज कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ट्रांसफर करने वाले बिचौलियों के लिए काम करती है

****

शिवराज सरकार में राजकीय विभाग सड़कों-नहरों के निर्माण के लिए कार्य करते थे, घर-घर बिजली पहुंचाने के लिए काम करते थे, वहीं कमलनाथ सरकार में विभाग ठेकेदारों के लिए काम करने लगे हैं

****

भारतीय जनता पार्टी की शिवराज सरकार में मध्य प्रदेश में धान और गेहूं की शत-प्रतिशत खरीद होती थी जबकि कमलनाथ सरकार में धान और गेहूं भरने वाले हाथ रिश्वतखोरी में व्यस्त हैं

****

मोदी सरकार की जनकल्याण और देश के विकास के लिए शुरू की गई 133 से अधिक योजनाओं को लागू करने में हमेशा मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार आगे रही लेकिन कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का पाप किया है

****

कांग्रेस पार्टी चुनाव के दौरान जोर-शोर से ऋण माफी की बात करती थी लेकिन अब मुख्यमंत्री कहते हैं कि पैक्स ऋण माफी में 50% का योगदान दें। यदि पैक्स को ही ऋण माफ करना था तो कांग्रेस पार्टी और राहुल गाँधी ने फिर किसानों से ऋण माफी का झूठा वादा किया ही क्यों था?

****

मध्य प्रदेश में किसानों के 50 हजार करोड़ रुपये के ऋण माफ होने थे लेकिन अब तक पांच हजार करोड़ रुपये के ऋण भी माफ नहीं हुए हैं

****

मोदी सरकार ने देश के सभी लघु एवं सीमान्त किसानों को हर वर्ष 6,000 की सहायता राशि देने का निर्णय लिया है जिसमें 2,000 रुपये की पहली किसानों को दी भी जा चुकी है लेकिन कमलनाथ सरकार ने एमपी के लाभार्थी किसानों की सूची केंद्र सरकार को सौंपी ही नहीं

****

कांग्रेस की यूपीए सरकार ने 10 वर्षों में मात्र तीन करोड़ किसानों के केवल 53,000 करोड़ रुपये ही माफ़ किये जबकि मोदी सरकार हर वर्ष 12 करोड़ से अधिक किसानों को 75,000 करोड़ रुपये की सहायता देने वाली है

****

कांग्रेस की कमलनाथ सरकार किसानों के आंसू पोछने वाली सरकार नहीं है, यह बिचौलियों और ठेकेदारों के साथ ऐश-ओ-आराम करने वाली सरकार है

****

एक ओर कांग्रेस पार्टी के एक परिवार के 55 वर्षों में देश विकास को तरसता रहा, वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के केवल 55 महीनों के शासन में देश ने विकास की एक नई गति देखी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने यह आदर्श स्थापित किया है कि देश का प्रधानमंत्री कैसा होना चाहिए

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज सागर, मध्य प्रदेश के ग्राम बामोर (नरयावली विधानसभा) में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलनों को संबोधित किया और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार की पांच वर्ष की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए पाकिस्तान में आतंकियों पर वायुसेना द्वारा की गई एयरस्ट्राइक और हमारे वीर जवानों की शहादत का अपमान करने वाली कांग्रेस एवं उसकी सहयोगी पार्टियों पर जम कर प्रहार किया।

भारत के महानायकों महाराजा छत्रसाल, बाजीराव पेशवा और झांसी की रानी को नमन करते हुए कहा कि बुंदेलखंड हमेशा से वीरों के भूमि रही है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी देश की सभी राजनीतिक पारियों से अलग पार्टी है जिसके चुनाव जीतने का आधार नेता नहीं, शक्ति केंद्र और बूथ के पार्टी कार्यकर्ता होते हैं।** हमने कई चुनाव कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम के बल पर जीते हैं। आने वाले लोक सभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी की विजय निश्चित है।

मध्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए श्री शाह ने कहा कि **दो महीने में ही मध्य प्रदेश में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने राज्य में विकास योजनाओं को ठप्प कर यह दिखा दिया है कि भारतीय जनता पार्टी की लोक-कल्याणकारी सरकार कैसी होती है और कांग्रेस सरकार किस तरह से काम करती है।** उन्होंने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी की शिवराज सरकार में मध्य प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर का मतलब सुदृढ़ क़ानून व्यवस्था हुआ करता था जबकि कांग्रेस की कमलनाथ सरकार में लॉ एंड ऑर्डर का मतलब हो गया है कि घूस लो और ऑर्डर दो। मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार राज्य के गरीबों, दलितों, आदिवासियों, युवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहती थी, आज कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ट्रांसफर करने वाले बिचौलियों के लिए काम करती है। शिवराज सरकार में राजकीय विभाग सड़कों-नहरों के निर्माण के लिए कार्य करते थे, घर-घर बिजली पहुंचाने के लिए काम करते थे, वहीं कमलनाथ सरकार में विभाग ठेकेदारों के लिए काम करते हैं।** कमलनाथ सरकार में परिवर्तन तो हुआ है। **भारतीय जनता पार्टी की शिवराज सरकार में मध्य प्रदेश में धान और गेहूं की शत-प्रतिशत खरीद होती थी, शिवराज जी तो कम पड़े बोरियों के लिए भी लड़ जाते थे जबकि कमलनाथ सरकार में धान और गेहूं भरने वाले हाथ रिश्वतखोरी में व्यस्त हैं।** किसानों के फसल की खरीद नहीं हो रही। **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जनकल्याण और देश के विकास के लिए 133 से अधिक योजनाओं की शुरुआत की थी और इन योजनाओं को लागू करने में हमेशा मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार आगे रही लेकिन कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का पाप किया है।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आते ही कानून-व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई है, बच्चे अगवा हो रहे हैं लेकिन न तो मुख्यमंत्री और न ही कांग्रेस सरकार के मंत्री को फुर्सत है कि वे जाकर पीड़ितों के आंसू पोछें। यदि ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना शिवराज सरकार में हुई होती तो 'मामा' आंसू पोछने हमेशा सबसे पहले पहुंचे वालों में होते। **भारतीय जनता पार्टी के अंत्योदय**

के आधार पर चलने वाली शिवराज सरकार कांग्रेस की कमलनाथ सरकार आते-आते ठेकेदारों और बिचौलियों की सरकार में बदलने लगी, इस बदलाव को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मध्य प्रदेश के जन-जन तक पहुंचाएं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी चुनाव के दौरान जोर-शोर से ऋण माफी की बात करती थी लेकिन अब मुख्यमंत्री कहते हैं कि पैक्स ऋण माफी में 50% का योगदान दें। कमलनाथ जी, पैक्स में किसानों का ही पैसा होता है जो आपदा के समय के लिए रिजर्व राशि के तौर पर सुरक्षित रहती है और यदि पैक्स को ही ऋण माफ करना था तो कांग्रेस पार्टी और राहुल गाँधी ने फिर किसानों से ऋण माफी का झूठा वादा किया ही क्यों था? मध्य प्रदेश में किसानों के 50 हजार करोड़ रुपये के ऋण माफ होने थे लेकिन अब तक पांच हजार करोड़ रुपये के ऋण भी माफ नहीं हुए हैं। इस बार के बजट में मोदी सरकार ने देश के सभी लघु एवं सीमान्त किसानों को हर वर्ष 6,000 सीधे एकाउंट में इनपुट सहायता के रूप में देने का निर्णय लिया है। 2,000 रुपये की पहली किस्त सीधे किसानों के एकाउंट में ट्रांसफर की भी जा चुकी है लेकिन मध्य प्रदेश ने लाभार्थी किसानों की सूची केंद्र सरकार को सौंपी ही नहीं, जिसके कारण मध्य प्रदेश के किसानों को अब तक इस योजना का फायदा नहीं मिल पाया है।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस की यूपीए सरकार ने 10 वर्षों में मात्र तीन करोड़ किसानों के केवल 53,000 करोड़ रुपये ही माफ़ किये जबकि मोदी सरकार हर वर्ष लगभग 12 करोड़ से अधिक किसानों को 75,000 करोड़ रुपये की सहायता देने वाली है।** 10 साल में यह आंकडा लगभग साढ़े सात लाख करोड़ रुपये पहुंचता है। अभी हाल ही में मध्य प्रदेश में ओले पड़े लेकिन मुख्यमंत्री कमलनाथ जी एक भी किसान के पास नहीं गए। **कांग्रेस की कमलनाथ सरकार किसानों के आंसू पोछने वाली सरकार नहीं है, यह बिचौलियों और ठेकेदारों के साथ ऐश-ओ-आराम करने वाली सरकार है।**

श्री शाह ने कहा कि 1950 से आज तक की जन संघ के रूप में शुरू हुई भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक यात्रा कई पड़ावों से होकर गुजरती हुई इस मकाम तक पहुँची है, हमें इसे और आगे ले जाना है। 10 सदस्यों से शुरू हुई पार्टी आज लगभग 11 करोड़ सदस्यों के साथ विश्व की सबसे बड़ी राजनीति पार्टी बनी है। आज देश में सबसे ज्यादा विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री, जिला पंचायत सदस्य, ताल्लुका पंचायत सदस्य भारतीय जनता पार्टी से ही हैं। आज देश के 50% से अधिक भू-भागों में 16 राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं और केंद्र में सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की भाजपा-नीत एनडीए सरकार है। उन्होंने कहा कि 20 19 का चुनाव देश का दिशा तय करने वाला चुनाव है और इसमें भारतीय जनता पार्टी की अभूतपूर्व विजय निश्चित है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **मध्य प्रदेश में कांग्रेस चुनाव जीती जरूर है लेकिन भारतीय जनता पार्टी चुनाव हारी नहीं है क्योंकि हमें कांग्रेस की तुलना में अधिक मत मिले हैं।** भारतीय जनता पार्टी हार से निराश नहीं होते, वे और परिश्रम की पराकाष्ठा पार कर देश सेवा के लिए कृतसंकल्पित होते हैं।

राहुल गाँधी पर हमला जारी रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **देश की जनता ने कांग्रेस पार्टी को बहुमूल्य 55 साल दिए लेकिन एक ही परिवार की चार पीढ़ियों के शासन ने देश के विकास के लिए कुछ भी नहीं किया। एक ओर कांग्रेस पार्टी के एक परिवार के 55 वर्षों में देश विकास को तरसता रहा, वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के केवल 55 महीनों के शासन में देश ने**

विकास की एक नई गति देखी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 55 महीनों में देश के लगभग 6 करोड़ गरीब महिलाओं के घर में गैस कनेक्शन पहुंचाए गए, लगभग 8 करोड़ घरों में शौचालय बनाए गए, गरीबों के लिए लगभग डेढ़ करोड़ से अधिक घर बनाए गए, लगभग ढाई करोड़ घरों में बिजली पहुंचाई गई, 13 करोड़ से अधिक लोगों को मुद्रा योजना के माध्यम से स्वरोजगार के लिए आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध कराये गए और लगभग 13 करोड़ गरीब बच्चों एवं प्रसूता माताओं का टीकाकरण किया गया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत देश के लगभग 50 करोड़ गरीब लोगों को स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से निजात दिलाते हुए पांच लाख रुपये प्रतिवर्ष तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया गया है जिससे पांच महीने में ही 14 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं लेकिन कांग्रेस की कमलनाथ सरकार मध्य प्रदेश में इस योजना को लागू करने में अड़ंगे लगा रही है। उन्होंने कहा कि कमलनाथ जी, गरीबों की हाय मत लीजिये, गरीबों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करना बंद कीजिये, यह अच्छा नहीं है। पूरा विश्व इस योजना की प्रशंसा कर रहा है क्योंकि इतने बड़े पैमाने पर आज तक दुनिया के किसी भी देश में स्वास्थ्य बीमा की सुविधा नहीं दी गई है।

बजट 2019 में मध्यम वर्ग के कल्याण के लिए उठाये गए क़दमों की चर्चा करते हुए श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने लघु उद्योगों और छोटे उद्यमियों को सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से 40 लाख रुपये तक सालाना टर्नओवर वाले उद्यमों को जीएसटी से मुक्त कर दिया है। इसी तरह एक करोड़ टर्नओवर वाले फर्म को अब केवल 1% जीएसटी ही देना होगा। इतना ही नहीं, मोदी सरकार ने पांच लाख रुपये तक के सालाना आय को भी इनकम टैक्स से फ्री करने का निर्णय लिया है जो निवेशों के बाद सात लाख रुपये तक पहुँचती है। साथ ही, असंगठित क्षेत्र के करोड़ों कामगारों के लिए 60 साल के बाद तीन हजार रुपये के मासिक पेंशन की व्यास्था की है। आजादी के बाद पहली बार सुरक्षा बजट को तीन लाख करोड़ रुपये करने का काम भी मोदी सरकार ने किया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **राष्ट्र की सुरक्षा नारा नहीं, हमारा प्रण है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और सेना के शौर्य ने दो बार, पहले सर्जिकल स्ट्राइक और अब पाकिस्तान के बालाकोट में एयरस्ट्राइक करके यह दिखा दिया है कि हिन्दुस्तान की सुरक्षा से छेड़खानी का अंजाम कैसा होता है? प्रधानमंत्री जी ने सेना को दुश्मनों का जवाब देने की खुली छूट दे रखी है।** राहुल गाँधी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि **आज राहुल गाँधी ने प्रेस वार्ता कर पाकिस्तान में आतंकवादियों के ऊपर एयरस्ट्राइक के सबूत मांगे। राहुल गाँधी, फर्जीपना कांग्रेस का संस्कार है, भारतीय जनता पार्टी की संस्कृति नहीं, इसलिए आप सबूत मांग रहे हैं। जब भारतीय** वायुसेना के अधिकारी ने प्रेस वार्ता करके यह साफ कर दिया कि हमने टारगेट को हिट किया है और आतंकवादियों के अड्डे उड़ा दिए हैं तो फिर इस पर संदेह करने का सवाल ही नहीं उठना चाहिए। **भारतीय वायुसेना के अधिकारी की प्रेस वार्ता के बावजूद राहुल गाँधी और कांग्रेस एंड कंपनी द्वारा एयरस्ट्राइक का सबूत माँगा जाना न केवल सेना के शौर्य का अपमान है बल्कि यह देश के वीर सपूतों की शहादत का भी अपमान है। इस बार के लोक सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी इस अपमान का जवाब देश की जनता अवश्य लेगी।**

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित किया है। भारत अमेरिका और इजराइल की प्रतिष्ठित सूची में शामिल हुआ है जो दुश्मन के घर में घुस कर आतंकवादियों का सफाया करते हैं। उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने यह आदर्श स्थापित किया है कि देश का प्रधानमंत्री कैसा होना चाहिए।** उन्होंने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी ने देश को श्री नरेन्द्र मोदी जी के रूप में सबसे अधिक लोकप्रिय, सबसे अधिक परिश्रमी, दृढ़ निश्चयी, पराक्रमी, प्रमाणिक, संवेदनशील और निर्णायक प्रधानमंत्री देने का कार्य किया है।** उन्होंने जोर देते हुए कहा कि **देश की जनता भारतीय जनता पार्टी में पूर्ण आस्था व्यक्ति करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ चट्टान की तरह खड़ी है, देश में भारी बहुमत से 'फिर एक बार, मोदी सरकार' बनने जा रही है। वह दिन दूर नहीं, जब भारत विश्व की महासत्ता के रूप में प्रतिष्ठित होगा।**

(महेंद्र पांडेय)
कार्यालय सचिव